हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बुधवार, 18 सितम्बर 2013, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

'सफलता के लिए जरूरी हैं पांच सूत्र'

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालाजी में इंस्पायर इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान छात्रों को विज्ञान से जुड़ी कई रोचक जानकारियां दी गई।

दिल्ली यूनिवर्सिटी से आए डा. डीके सिन्हा ने मौसम के बदलाव से जुड़ी हुई जानकारियां दीं। दूसरे सत्र में प्रो. लक्ष्मीकांत शर्मा ने छात्रों को सफलता के पांच सूत्रों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्र के पास कल्पना शक्ति, रचनात्मकता, ज्ञान, गुण और क्रियाशीलता है तो उसे हर स्थिति में सफलता मिलकर रहेगी। इसके बाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, प्रो. प्रभाकर गुप्ता, प्रो. जेएन साहू, डा. एम मुस्तकीम आदि मौजूद रहे।

एसआरएमएस में मंगलवार को इंस्पायर इंटर्नशिप कार्यक्रम आयोजित हुआ।